## संक्षिप्त

### सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत

**शाहपुरा।** मुरली नगर खोरी रोड अमरपुरा शाहपुरा में स्थित लेविन इंटरनेशनल एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विधायक मनीष यादव व परमानंद जी धाम खोरी शाहपुरा के महंत श्री हरिओम दासजी महाराज के मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस दौरान श्री हरिओम दास जी महाराज व विधायक ने सर्व प्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा ओ माय फ्रेंड गणेशा तुम देना साथ हमेशा, सरस्वती वंदना, अतिथि स्वागत गान की जोरदार प्रस्तुति दी गई। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इसके अलावा सदाबहार फिल्मी गानें व राजस्थानी लोकगीतों पर छात्र-छात्राओं ने जमकर डांस किया और खुशी से झूम कर ठुमके लगाए। कार्यक्रम में विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान मुख्य अतिथि श्री हरिओम दास जी महाराज के द्वारा किया गया। इस दौरान महाराज हरिओम दासजी ने कहा कि सम्मान करने से छात्र-छात्राओं का हौंसला बड़ता है। विद्यालय में वार्षिक उत्सव मनाने से की प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है। महाराज श्री का विद्यालय परिवार की ओर से माला पहनाकर व चादर ओड़ाकर सम्मान किया गया। इससे पूर्व महाराज श्री का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय के सचिव रामकरण काकोडिया, अध्यक्ष राजेश कुमार, निदेशक डॉ. सुरेन्द्र यादव, प्रबंध निदेशक संतोष यादव, प्रधानाचार्य सुरेश यादव ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर विद्यालय स्टॉफ, विद्यार्थी, अभिभावक गण मौजूद रहे।

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

**कोटपूतली।** आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले 10 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में काउन्ट डाउन योग प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला स्तरीय योग शिविर का आयोजन कस्बे के डाबला रोड़ स्थित सत्यम गार्डन में नियमित रूप से किया जा रहा हैं। आयुर्वेद विभाग के सहायक निदेशक डॉ. मुकेश आर्य ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 20 जून तक निरन्तर जारी रहेगा। आयुर्वेद विभाग के निर्देशानुसार प्रात: 06 से 07 बजे तक योगाभ्यास योग प्रशिक्षक डॉ. हरीश गुर्जर द्वारा प्रतिदिन कराया जा रहा है। रविवार को शिविर में योगाचार्य विद्यारत्न शास्त्री ने विशेष योग क्रियाओं का प्रशिक्षण कराया तथा योग विद्या को समठा स्वास्थ्य के लिये सर्वोत्तम साधन बताया। आयुर्वेद विभाग के सहायक निदेशक तथा जिला नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश आर्य के अनुसार जिले के सभी ब्लॉक केन्द्रों पर तथा 45 आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों पर विभागीय निर्देशानुसार प्रात: 06 से 07 बजे तक प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जा रहा है। सभी ब्लॉक केन्द्रों तथा आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों द्वारा योग जागरूकता रैलियां आयोजित की जा रही हैं। योगाभ्यास शिविरों में महिलायें तथा छात्र विशेष रुचि के साथ भाग ले रहे हैं। सहायक निदेशक ने आमजन से शिविरों में भाग लेने की अपील की है।

### धार्मिक स्थल पर नशा करना पड़ा भारी

**कोटपूतली।** जिले के बानसूर उपखण्ड के हमीरपुर थाना क्षेत्र के छींड में एक बाबाजी के स्थान (धार्मिक स्थल) पर नशा करना बाबाजी सहित उसके श्रद्धालूओं को भारी पड़ गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त स्थान पर बाबाजी लटा महाराज (60) सहित वहां मौजूद श्रद्धालू गुरूदयाल (55), अमरसिंह (59), बनवारी (62) व दल्लाराम (63) आदि भांग-धतूरे के अत्यधिक सेवन से अचेत हो गये। जिन्हें बेहोशी की हालत में यहां के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल लाया गया। जहां से हालत ज्यादा बिगड़ने पर प्राथमिक उपचार देने के बाद जयपुर रैफर कर दिया गया हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। लेविन इंटरनेशनल एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान कर दिया पुरस्कार सम्मान करने से हौंसला बड़ता है।

### कार्यक्रम आयोजित

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर में मदरसा इस्लामिया अरबिया नूरूल इस्लाम में आज मिशकात शरीफ के पहले सबक का कार्यक्रम बेहद अकीदत, रूहानी माहौल एवं धार्मिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मदरसे के उलेमा-ए-किराम, जिम्मेदारान, तलबा (विद्यार्थी) एवं कस्बे के बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरदारशहर स्थित मदरसा जामिया लतीफिया के शेखुल हदीस हजरत अहमियत तथा इस्लामी तालीम की रोशनी पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# 'दो विधान, दो प्रधान, दो निशान हमारे देश में नहीं चलेंगे'

**भरतपुर** (निस)। भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत डीग एवं भरतपुर जिले के कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर डीग जिले के श्री जरखोड गौधाम में सशक्त कार्यकर्ता एवं सशक्त संगठन की थीम को लेकर प्रारंभ किया गया।

प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। जिला संगठन प्रभारी नरेश बंसल ने प्रशिक्षण शिविर की प्रस्तावना रखते हुए बताया कि इस शिविर में कुल 11 सत्र होंगे, प्रत्येक सत्र का अध्यक्ष एवं मुख्य वक्ता अलग-अलग होंगे।

सभी कार्यकर्ताओं को पूर्णत: अनुशासन में रहकर पार्टी की रीति-नीति एवं सिद्धांतों का सघन प्रशिक्षण लेना चाहिए। उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने वैचारिक अधिष्ठान पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करते हुए सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं एकात्म मानव दर्शन एवं पंच निष्ठाओं पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. चतुर्वेदी ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी सिद्धांत की अभिव्यक्ति भारत माता की जय के उद्घोष से होती है। यह उद्घोष हमारे सिद्धांत का मूलभूत आधार है।हमारे देश का नाम भारत होना चाहिए। देश की राष्ट्रभाषा हिंदी होनी चाहिए। दो विधान, दो प्रधान, दो निशान हमारे देश में नहीं चलेंगे। इन सिद्धांतों को लेकर भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आंदोलन प्रारंभ किया और देश हित में अपना बलिदान दे दिया।




**भाजपा का दीनदयाल उपाध्यक्ष प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ अतिथि राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी के मुख्य आतिथ्य में हुआ।**

## शिविर 31 मई तक होगा संचालित

**निवाई।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कक्षा 6 से 8 वीं के विद्यार्थियों के लिए 15 दिवसीय अभिरुचि शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि गिरिराज प्रसाद गुर्जर ने दीप प्रज्वलन करके किया।

शिविर प्रभारी मोहनलाल निराला ने बताया कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए यह शिविर बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि शिविर में कला एवं शिल्प, पेंटिंग व ड्राइंग सहित अन्य रचनात्मक कलाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इसी प्रकार कंप्यूटर बेसिक डिजिटल कौशल का प्रशिक्षण, शतरंज, सृजनात्मक लेखन, योग एवं व्यायाम, पर्यावरण जागरूकता, खेलकूद सहित एवं अन्य गतिविधियां का आयोजन किया जाएगा।

शिविर 31 मई तक सुबह 07:30 से दोपहर 12:30 बजे तक संचालित होगा। शिविर में शारीरिक शिक्षक रामकिशन गुर्जर द्वारा विद्यार्थियों को योग प्राणायाम सहित विभिन्न खेलों की जानकारी दी। वरिष्ठ अध्यापक अंग्रेजी सोहनलाल वर्मा द्वारा स्पोकन इंग्लिश, ड्राइंग व पेंटिंग की जानकारी दी।

## धर्म नगरी निवाई में धार्मिक महासंस्कार शिक्षा शिविर का शुभारंभ

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज एवं दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल के सहयोग से एवं महिला महासमिति निवाई के तत्वावधान में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर में धार्मिक महासंस्कार शिक्षा शिविर का शुभारम्भ किया गया। जैन समाज के प्रवक्ता सुनिल भाणजा ने बताया कि धार्मिक संस्कार शिक्षा शिविर का शुभारम्भ शशी सोगाणी, नीरा जैन, मंजू जैन, कांति चंवरिया व प्रीति कासलीवाल ने भगवान शांतिनाथ के समक्ष दीप प्रज्जवलन करके किया। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकाल के अवकाश को लेकर शिविर 17 से 26 मई तक संचालित होगा। जिसमें बच्चों को धार्मिक संस्कार दिए जाएंगे। संस्कार शिविर अलग-अलग 5 स्थानों पर संचालित होंगे। जिसमें अठावाल मंदिर में मुख्य संयोजक शशी सोगाणी, हेमा बनेठा, आशा गिंदोड़ी, रेणु बोहरा, सुनिता बड़ागांव, नेहा जगतपुरा व अनिता रामनगर, नसियां जैन मंदिर में ममता सांवलिया व अर्चना चेनपुरा, बड़ा जैन मंदिर में निशा झांझरी व मंजू काला, बिचला जैन मंदिर में संगीता संघी व रेशु हरभगतपुरा, झिलाय जैन मंदिर में प्रिया मित्तल व हेमलता जैन द्वारा बालकों को संस्कार शिक्षा प्रदान की जाएगी। शिविर के दौरान बालक-बालिकाओं को सामूहिक पूजन, तत्वज्ञान कक्षाएं, बाल बोध, छहढाला, इष्टोपदेश, भक्ताम्बर स्तोत्र पाठ के माध्यम से आध्यात्मिक मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।

## वार्षिक बैठक सोमवार को

**कोटपूतली।** राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ की वार्षिक बैठक सोमवार 18 मई को दोपहर 12 से 03 बजे तक राजधानी जयपुर स्थित आरएएस क्लब में आयोजित होगी। प्रकोष्ठ के प्रदेषाध्यक्ष डॉ. विकास महला व संगठन महासचिव कृष्ण शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा करेगें। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट समेत अन्य नेतागण भी कार्यक्रम में भाग लेगें। आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। कोटपूतली से प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी भी बैठक में भाग लेगें। बैठक में आगामी वर्ष भर के आयोजनों पर चर्चा की जायेगी।

## शहीद प्रकाशचंद नायक की प्रतिमा का भव्य अनावरण

**निवाई।** गांव पराना में देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद प्रकाशचंद नायक की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए उनकी भव्य मूर्ति की स्थापना की गई, जिसका पूरे मान-सम्मान और गरिमा के साथ समारोह पूर्वक अनावरण संपन्न हुआ।

समारोह में मुख्य अतिथि जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, पूर्व विधायक अजीत सिंह, विधायक रामसहाय वर्मा व मण्डल अध्यक्ष बद्री नटवाड़ा ने फीता काटकर शहीद प्रकाशचंद नायक की प्रतिमा का विधिवत अनावरण करके मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने शहीद के परिवार के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि शहीद प्रकाशचंद नायक का यह बलिदान आने वाली पीढ़ियों को हमेशा राष्ट्र सेवा एवं देशभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा।

इस दौरान शहीद प्रकाशचंद अमर रहें व भारत माता की जय के गगनभेदी नारों से आस-पास को वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर डांगरथल मंडल अध्यक्ष केदार जाट, शहीद के सुपुत्र राहुल, हनुमान कालीवाड़ा व जीएसएस अध्यक्ष भँवरलाल ने भी शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर देश के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

## श्रेष्ठ नर्सिंग ऑफिसर्स को नाईटेंगल अवार्ड से नवाजा

**कोटा,** (निसं)। श्री महर्षि दाधीच शिक्षा समिति, कोटा द्वारा संचालित एम.डी. मिशन कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्सिंग की जन्मदात्री फ्लोरेंस नाईटेंगल का जन्म दिवस विश्व नर्सेज दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में अंतराष्ट्रीय नर्स दिवस सप्ताहिक 7 दिवसीय समारोह 11 मई से 17 मई तक आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम के समापन समारोह में नाईटेंगल अवार्ड के मुख्य अतिथि ओम बिरला लोकसभा अध्यक्ष एवं कॉलेज निदेशक राज दाधीच, राजेश दाधीच द्वारा माँ सरस्वती एवं फ्लोरेंस नाईटेंगल के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। विश्व नर्सिंग दिवस सप्ताह के अन्तर्गत कई तरह की प्रतियोगिताएँ एवं सामाजिक सरोकार के तहत कार्यक्रम एम.बी.एस. हॉस्पिटल में फल वितरण, उपप्राचार्य रविन्द्र शर्मा द्वारा सभी प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों को नर्सिंग शपथ दिलवाई एवं प्रशिक्षणार्थियों ने दिनभर विभिन्न कार्यक्रम जैसे रंगोली, नाटय मंचन, सांस्कृतिक गुजराती, पंजाबी एवं राजस्थानी नृत्य के साथ रंगारंग प्रस्तुतियां दी, जिसमें नर्सिंग छात्राओं द्वारा सद्भावना संदेश दिया गया। साथ ही मैढ़क दौड़, रंगोली, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई।

## शतायू पुरुष पूर्व सांसद पं. रामकिशन का भव्य सम्मान

**भुसावर भरतपुर** (निस)। कस्वा भुसावर में रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में भरतपुर के पूर्व सांसद पंडित रामकिशन का उनके जीवन के सौ वर्ष पूरे होने पर तथा संघर्षशील किसान नेता इन्दल सिंह जाट का कस्वा और दूर दराज से आये सभी जाति और धर्मो के बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिको द्वारा अभिनंदन किया गया और उनको सोल दुपट्टा प्रतीक चिन्ह पुस्तकें और फूल मालाऐं पहनाकर और प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मान किया गया और फूल मालाओ से लाद दिया।

■ **कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने लिया भाग**

इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि और इआरसीपी और पानी आन्दोलन के संयोजक किसान नेता इन्दल सिंह जाट का भी सम्मान किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन को और दीघायू होने के लिय शुभकामनाऐं दी। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ने कहा कि केन्द्र सरकार की गलत नीतियो के कारण रुपया लगातार गिरता जा रहा है। देश में जब से प्रधानमंत्री मोदी आये है तब से महंगाई श् बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का बुरा हाल है मोदी जिनको खुद भ्रष्ट्राचारी बताते है उन्हे को भाजपा में शामिल कर मंत्री और मुख्यमंत्री बनाते है। पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2014 में जो बायदे किये थे बो जुमले झुठे निकले तथा केन्द्र सरकार का आचरण विपरित ही सावित हुआ। उन्होंने कहा कि स्वच्छ लोकतंत्र के लिये विरोधी पार्टी का होना जरूरी है लेकिन मोदी तो विरोध मुक्त शासन चहाते है और विरोधियो को दुश्मन समझते है।

उन्होंने लोगो से विरोधी पार्टीयो को और मजबूत बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि मोदी खुद ज्यादा फिजूलखर्ची करते है, वो महंगे बाहनो मे यात्रा तथा महंगा जीवन जीते है जबकि हमेशा जनता को परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भी मुख्यमंत्री को प्रशासन को और ज्यादा संवेदनशील और जवाबदेही बनाना चाहिये। उनका कहना था कि अफसर सरकारी योजनाओं की ढंग से मोनीटिरिंग नहीं कर रहे है और शायद इसी लिये मुख्यमंत्री और तमाम मंत्रियो को ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा की राज्य सरकार का बजट कम होने के बाद भी बैर क्षेत्र में वर्ष 1962 से लेकर 1972 के बीच ज्यादा काम हुये थे। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भी इस बात के लिये धन्यवाद दिया कि उन्होंने इआरसीपी की योजना को और आगे बड़ाया। उन्होंने कहा पानी और रोजगार सहित उद्योग धन्धे लगाने सहित बाणगंगा नदी में पानी लाने तथा वैर भुसावर और हलैना क्षेत्र में पानी का प्रबंध करने के लिये चल रहे संघर्ष में जनता से सहयोग करने की जरूरत बताई। किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि पंड़ित रामकिशन उम्र से बुड्डे है लेकिन हौशले बुलंद है, उनके जज्जबातों को सलाम है। उनके विचार लगन और संघर्ष, सिदांत बेमिसाल है।

सौ वर्ष की उम्र में आज भी पूर्व सांसद नौजवानों से ज्याद संघर्षशील रहते है। कार्यक्रम में भुसावर कस्वे और आसपास गाँवों के लगभग सभी जाति धर्मो सहित विभिन्न संगठनो से जुड़े बड़ी संख्या पदाधिकारियों ने शताब्दी पुरुष पंडित रामकिशन का अलग अलग तौर तरीकों से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोगो ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में चन्द्रप्रकाश अवस्थी पूर्व चौपरमैन कांठोस के नेता सतीश पांड़े नैमीचंद जैमन पूर्व चौयरमेन देशराज पहाड़िया प्रकाश अम्बेश चौयरमैन जाटब समाज के नेता पार्षद चिरमौली राम सरपंच मोहन सिंह तरकमा वैद्य अशोक शर्मा गंगाराम पान्डेय समाजसेवी मोहन सैनी अशोक जोशी ने अपने अनेक विचार प्रकट किये।

## पावटा में हाईवे पर कंटेनर दुर्घटनाग्रस्त

**पावटा।** जयपुर से दिल्ली की ओर जा रहा एक कंटेनर रविवार को पावटा के नए बस स्टैंड स्थित निरंकारी भवन के सामने अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर अफरा-तफरी मच गई और वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कंटेनर अनियंत्रित होकर किसी अज्ञात वाहन से टकरा गया, जिससे उसका अगला हिस्सा पूरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

टक्कर इतनी तेज थी कि चालक वाहन के केबिन में फंस गया। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से चालक को क्षतिग्रस्त कंटेनर से सुरक्षित बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर पुलिस एवं प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था संभाली।

हादसे के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम लग गया। बाद में क्रेन की सहायता से क्षितठास्त कंटेनर को हाईवे से हटाया गया, जिसके बाद यातायात सुचारु हो सका।

दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## सार-समाचार

### स्कॉर्पियो लूटकर भाग रहा बदमाश दबोचा

**पावटा।** जयपुर में नारायण विहार से काले रंग की स्कॉर्पियो लूट कर भाग रहे एक लुटेरे को प्रागपुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश के पास से पुलिस ने लूट की स्कॉर्पियो, एक मोबाइल बरामद किया है। प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम ने बताया कि काले रंग की स्कोर्पियो को लूटकर भाग रहे बदमाश को पता नहीं था कि गाड़ी में एक फोन ज्यों की साइलेंट मोड पर था जिस पर फोन की लोकेशन लेकर पुलिस को सूचना मिली थी कि जयपुर में नारायण विहार इलाके में लुटेरा एक काले रंग की स्कॉर्पियो को लूटकर भाग रहे हैं। इसी सूचना के आलोक में प्रागपुरा थाना पुलिस ने थाना प्रभारी भजनाराम के नेतृत्व में नाकाबंदी कर सर्च अभियान शुरू किया था। पुलिस ने बदमाशों का पीछा करना शुरू किया, वहीं स्कॉर्पियो लूटने के बाद लुटेरा नाकाबंदी देखकर उसे तोड़ते हुए गोवर्धनपुरा, पाथरेड़ी, संतोषी, ठाम राजनौता में जालम सिंह की ढाणी की तरफ तेजी से भाग रहा थे। इसी क्रम में प्रागपुरा थाना पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में चालक सुरेश कुमार मीणा की तत्परता से 3 किलोमीटर पीछाकर ठाम राजनौता में धौलाजी मंदिर के पास खेतों में लगे पिलरों को तोड़ते हुए गाड़ी क्षितठास्त होने पर पैदल भाग रहे एक बदमाश अभय सिंह पुत्र रोहिताश निवासी ढाणी श्योठाम तन खुर्द कोटपुतली को गिरफ्तार कर लिया।

### विधायक जैन ने किया नए चौराहे का निरीक्षण

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने यूनिवरसिटी रोड़ से शोभागपुरा रोड़ पर जूडियों के सामने निर्माणाधीन आधुनिक और खूबसुरत चौराहे के निरीक्षण किया। इस दौरान शहर विधायक ताराचंद जैन ने यूडीए के अधिकारियों को चौराहे के चारों तरफ किए गए अतिक्रमण को हटाने वहां पर स्लीप लेन बनाने के साथ-साथ वहां पर बिल्डिंगों में बिना परमिशन बनाए गए बेसमेंट को नोटिस देकर कार्यवाही करने के लिए कहा। साथ ही चौराहे पर स्थित बिल्डिंगों को पार्किंग सडक ना करवाकर उनकी बिल्डिंग परिसर में ही करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान चौराहे पर शोभागपुरा की ओर से आ रही सडक् के कॉर्नर पर एक बिल्डिंग काफी आगे तक चौराहे पर आ रही थी। सडक् के आगे तक इस बिल्डिंग मालिक ने बेसमेंट बना रखा है और बेसमेंट के उपर काफी स्पेस छोडक्र दुकानें बना रखी है। बेसमेंट सडक् से काफी उंचा उठा होने के कारण वह अवरोध बन रहा है। जहां पर यह बेसमेंट समाप्त हो रहा है वहां पर कारें और दुपहिया वाहन खड़े है, जिससे यह नवनिर्मित चौराहा काफी संकरा हो रहा है। इस पर शहर विधायक ताराचंद जैन ने मौके पर आए अधिशाषी अभियंता नीरज माथुर को बिना परमिशन बनाए गए इस बेसमेंट को लेकर भवन मालिक को नोटिस देने के लिए कहा। विधायक जैन ने सुझाव दिया कि यदि यह बेसमेंट सडक के लेवल पर बन जाए और इसके बाद बैसमेंट के उपर बनी दुकानों तक रैंप बना दिया जाए तो जो गाडियों सडक् पर पार्क हो रही है वे वहां पर पार्क ना होकर रैंप पर खड़ी होंगी, जिससे चौराहे पर स्पेस खुलेगा और चौराहे की स्लीप बनने के बाद भी मुख्य लेन के लिए काफी रास्ता बचेगा। इस पर यूडीए के अधिकारियों ने इस भवन मालिक को नोटिस देने की सहमति दी। मौके पर आए अधिकारियों ने शहर विधायक जैन की ओर से दिए गए निर्देशों को नोट किया और आने वाले कुछ दिनों में अमल करने का आश्वासन दिया। इस दौरान अधिशाषी अभियंता नीरज माथुर, सहायक अभियंता खुश्बू चांवला, अधिशाषी अभियंता विद्युत मनन मीणा, सहायक अभियंता विद्युत आशीष कुमावत के साथ-साथ भाजपा नेता नानालाल वया, नीरज अग्रिहोत्री, ललित तलेसरा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आज से

**उदयपुर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी शहर जिला की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार से बलीचा स्थित द डिवाइन हिल्स रिसोर्ट में किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ प्रात: 9 बजे होगा, जिसमें पार्टी के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे। शिविर की तैयारियों को लेकर पटेल सर्कल स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ ने कहा कि कार्यकर्ताओं के निर्माण एवं प्रशिक्षण हेतु संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार सामूहिक भागीदारी और संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, विचारधारा, रीति-नीति, संगठनात्मक कार्यप्रणाली तथा वर्तमान राजनीतिक चुनौतियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि शिविर में सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री सहित विभिन्न स्तरों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे। दो दिनों तक आयोजित होने वाले विभिन्न सत्रों में प्रदेश स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।शिविर में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ तथा चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त होगा। शिविर के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा भाजपा द्वारा किए गए आंदोलनों एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।शिविर प्रभारी देवीलाल सालवी ने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं तथा विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान कुल 12 सत्र आयोजित किए जाएंगे। पहले दिन सुबह 9 से 10 बजे तक सभी कार्यकर्ताओं का सरल एप के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन किया जाएगा। बैठक का संचालन भाजपा महामंत्री डॉ. पंकज बोराणा ने किया, जबकि आभार करण सिंह शक्तावत ने व्यक्त किया। बैठक में जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गौ सेवा के तहत 50 जल टंकीया की स्थापना की



**मोदी फेन्स क्लब द्वारा टोंक शहर में बेजुबान गौ-माताओं के लिए गो जल सेवा की 50 टंकीया शहर में वितरण की गई।**

टोंक। मोदी फेन्स क्लब द्वारा रविवार को शहर में बेजुबान गौ-माताओं के लिए गो जल सेवा की 50 टंकीया शहर में वितरण की गई। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक भगवान भण्डारी ने अपील की है कि इस भीषण गर्मी में गो माता के लिए प्रतिदिन स्वच्छ जल भर कर गो वंश की सेवा करे। उन्होन बताया कि पिछले 4 वर्षो में मोदी फेन्स क्लब द्वारा शहर के गली मोहल्लों कॉलोनियों में 251 टँकीया पूर्व में स्थापित की जा चुकी है, इस बार 50 टँकीया और लगवाई गई। इन गो जल टंकी की स्थापना कार्यक्रम का शुभारंभ पण्डित पवन सागर के मंत्रोच्चारण के साथ रामद्वारा के संत श्री राम निवास महाराज द्वारा कर लोकार्पण किया गया। इस दौरान संत रामनिवास ने कहा कि गो सेवा को श्रेष्ठ सेवा है, उन्होंने कहा कि सनातन ही एक मात्र ऐसा धर्म है जिसमे स्वयम के अलावा दूसरे के हित की ओर दुसरो की सेवा के बारे में सोचा जाता है और सेवा कार्य किये जाते है।

## 'रसोई' को आधार मानकर मकानों की जनगणना शुरू

**छबड़ा** (निसं)। जनगणना-2027 के प्रथम चरण "मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना" कार्य का शुभारंभ हो गया। पहले चरण में मकानों की गणना रसोई को आधार मानकर जनगणना की जा रही हैं। यदि एक ही भवन में अलग-अलग रसोई संचालित हो रही हैं, तो उन्हें अलग-अलग मकान माना जाएगा। उदाहरण के लिए, यदि एक ही घर में तीन अलग-अलग रसोई हैं, तो उस भवन को तीन मकानों के रूप में गिना जाएगा। प्रगणकों ने घर-घर पहुंचकर नागरिकों से आवश्यक जानकारी एकत्रित कर मकानों पर निर्धारित अंकन भी किया।

जनगणना कार्य शुरू होते ही यहां प्रशासनिक सक्रियता देखने को मिली। प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों ने विभिन्न मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर मकानों की स्थिति, उपयोग, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा परिवारों से संबंधित जानकारियां संकलित कीं। इस दौरान आमजन को जनगणना के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया।

## सांसद राव राजेंद्र सिंह संगठनात्मक प्रवास कार्यक्रम में इलेक्ट्रिक वाहन से पहुंचे

**मनोहरपुर।** जयपुर ग्रामीण (राज.) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल, डीजल बचाने की अपील के फलस्वरूप जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह संगठनात्मक प्रवास कार्यक्रम के तहत अपने जयपुर ग्रामीण संसदीय क्षेत्र के कोटपुतली व बहरोड़ में इलेक्ट्रिक वाहन से पहुंचे तथा कार्यकर्ताओं को पेट्रोल, डीजल बचाने का संदेश दिया।

■ **पेट्रोल बचाने का संदेश दिया**

इस दौरान कार्यक्रम के तहत ज़िला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग भाजपा जयपुर देहात उत्तर के अंतर्गत एक होटल, कोटपूतली एन.एच-48 में तथा ज़िला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग भाजपा अलवर उत्तर में एक पैलेस, बहरोड़ कार्यक्रम में शिरकत किया। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि कार्यक्रम में सांसद राव राजेंद्र सिंह ने सभा में उपस्थित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा कई जनकल्याणकारी योजना लायी गई है जिससे देश समान रूप से सभी वर्गों को साथ लेकर निरंतर प्रगति एवं विकास की ओर आगे बड़ रहा है जिसमे आत्मनिर्भर भारत, विश्वकर्मा योजना, मुद्रा लोन, स्टार्टअप इंडिया, आयुष्मान भारत, स्वनिधि योजना, आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, ई बस सेवा, सौभाग्य योजना, डिजिटल पेमेंट इनफार्मेशन, भ्रष्टाचार मुक्त सरकार, सशक्त सेना, आधुनिक हथियारों का स्वदेश निर्माण, सौर ऊर्जा आदि कई जनकल्याणकारी योजनाओं से हमारे भारत देश की उन्नित हुई।

उन्होंने उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूती प्रदान करने की बात कहते हुए इन सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल डीजल बचाने एवं सार्वजनिक वाहनों व इलेक्ट्रिक वाहनो का उपयोग करने की अपील पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस दौरान कार्यक्रम में सैकड़ो जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 'रंगपुर रेलवे ओवरब्रिज पर आए दिन होती दुर्घटनाओं पर अंकुश लगे'

**कोटा,** (निसं)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनोज दुबे ने शनिवार को रंगपुर रेलवे ओवरब्रिज पर डम्पर की टक्कर से पूनम कॉलोनी निवासी अशोक दीक्षित की दर्दनाक मौत पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए रंगपुर रेलवे ओवरब्रिज पर आए दिन होती दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रंगपुर पुलिया पर यातायात व्यवस्थाओं में सुधार करने की मांग की है। मनोज दुबे ने चेतावनी देते हुए कहा की रंगपुर पुलिया पर यातायात व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन करेंगे।

मनोज दुबे ने कहा कि रंगपुर पुलिया पर आए दिन दुर्घटनाऐं घटती है। रंगपुर पुलिया पर दुर्घटनाओं मे अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है। रंगपुर पुलिया पर तेज गति से चलते भारी वाहन आए दिन लोगों को शिकार बना रहे है। लेकिन इसके बाद भी रंगपुर पुलिया पर यातायात व्यवस्था शून्य है। मनोज दुबे ने कहा की रंगपुर पुलिया पर पुलिए आए दिन केवल चालान बनाते देखी जा सकती है।